समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय को सम्बोधित करें, अन्य किसी अधिकारी के नाम से नही

पत्र संख्या :

दिनांक :

प्रेषक,

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ–226007

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त/ सम्बद्ध विद्यालय/ महाविद्यालय,
लखनऊ।

विषयः वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2024–25 में दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत उ०प्र० के मूल निवासी सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों हेतु छात्रवृत्ति (शैक्षिणक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) डाटा को समयान्तर्गत सत्यापित/अग्रसारित करने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक के सन्दर्भ में जिला समाज कल्याण अधिकारी लखनऊ के पत्र संख्या – C-7175/स०क०/छात्रवृत्ति/2024–25 दिनांक 26 दिसम्बर 2024 के माध्यम से उत्तर प्रदेश के शासनादेश संख्या– 157/2024/3475/26–3–2024/सी.एन.–1513982 दिनांक 28 नवम्बर 2024 एवं 158/2024/3474/26–3–2024/सी.एन.:1741061 दिनांक 28 नवम्बर 2024 जिसके अनुसार वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2024–25 में दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत उ०प्र० के मूल निवासी सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों हेतु छात्रवृत्ति (शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) व अन्य कार्यों हेतु संशोधित समय–सारणी के अनुसार कार्य के सम्पादन हेतु अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया गया है, के सन्दर्भ में लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त/ सम्बद्ध सभी महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि मास्टर डाटा भरने की प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरान्त भरे गये— मास्टर डाटा को विश्वविद्यालय स्तर से अग्रसारित करवा कर अग्रिम कार्यवाही हेतु समबन्धित कल्याण विभाग में प्रस्तुत करने हेतु कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय को सम्बोधित पत्र के साथ अधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित मास्टर डाटा का प्रिंटआउट (हार्डकॉपी) विश्वविद्यालय में प्रत्येक दशा में **दिनांक 30 दिसम्बर, 2024** तक **उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें,** इसके उपरान्त विश्वविद्यालय स्तर से मास्टर डाटा अग्रसारित करना सम्भव नही होगा, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगें।

उक्त क्रम में यह भी अनुरोध है कि विद्यालय/ महाविद्यालय में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु आवेदित वास्तविक छात्रों की संख्या का सत्यापन हेतु सम्बन्धित प्रिंट–आउट समस्त प्रपत्रों को संलग्न करते हुए स–समय प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(विद्यानन्द त्रिपाठी)
कुलसचिव

पत्र संख्या : SC/ST-28582-86 दिनांक : 28/12/24

प्रतिलिपि :

1. निजी सचिव, कुलपति, माननीय कुलपति जी को सूचनार्थ।
2. निदेशक, समाज कल्याण, प्राग नारायण रोड, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
3. जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, सर्वोदय नगर, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
4. इन्चार्ज वेबसाइट ल०वि०वि०।
5. निदेशक, आई०पी०पी०आर०, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को समस्त दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने के आशय के साथ प्रेषित।

28.12.24
उप कुलसचिव
(छात्रवृत्ति)